## एक नजर में

### नपा कर्मचारी राकेश नागर का देवलोकगमन

**ब्यावरा 12 अगस्त, का.** जूना ब्यावरा के आर्य समाज चौक स्थित जैन मंदिर के समीप निवासरत् नपा कर्मचारी राकेश नागर (लल्लू) का अल्पायु में देवलोकगमन हो गया. वह स्व लक्ष्मीचंद पटेल के सुपुत्र एवं स्वदेश वर्मा व स्व मनोज, अजय के छोटे भाई तथा ओम वर्मा के भांजे थे. सहज, सरल एवं मिलनसार राकेश के अस्वस्थ होने पर उनका भोपाल में उपचार चल रहा था जहां सोमवार की रात्रि को उन्होंने अंतिम सांस ली. मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. गणमान्य नागरिकों, नपा कर्मचारियों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

### करणी सेना ने तहसील अध्यक्ष बनाए

**खिलीचीपुर 12 अगस्त, सं.** करनी सेना प्रदेश अध्यक्ष ठा.जीवन सिंह शेरपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह सोनगिरा, जिला अध्यक्ष कुंवर मयंक प्रताप सिंह एवं करणी सेना परिवार के समस्त पदाधिकारी की अनुशंसा पर कुंवर नरेन्द्र सिंह खींची देवाखेड़ी को खिलचीपुर तहसील अध्यक्ष बनाया गया. साथ ही हरदा में करणी सेना के साथ हुई निन्दनीय घटना की चर्चा की. जिसमें करनी सेना को अभी तक न्याय नहीं मिला. हमारा संघर्ष अभी जारी है जब तक कि न्याय नहीं मिल जाता.

### स्वच्छ सिंगल प्लास्टिक शहर मुक्त अभियान

**कुरावर 12 अगस्त, सं.** सोमवार शाम नगर के बस स्टैंड पर विधायक मोहन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, थाना प्रभारी संगीता शर्मा ले सिंगल यूज प्लास्टिक से शहर मुक्त एवं तिरंगा यात्रा से पूर्व स्वच्छता अभियान के तहत बस स्टैंड पर झाडू लगाकर सफाई की. नगर में प्लास्टिक थैली की जगह कपड़ों के ठेले उपयोग करने की नगर वासियों से अपील की. इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### महादेव का वीर शिवाजी संगठन द्वारा रुद्राभिषेक

**पडाना 12 अगस्त, सं.** समीप ढाकनी गांव में स्थित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में वीर शिवाजी संगठन सदस्यों द्वारा भगवान भोलेनाथ को प्रति सोमवार रुद्राभिषेक एवं श्रृंगार कर महाआरती की गई. वीर शिवाजी संगठन के संस्थापक लोकेश नाहर ने बताया कि 15 साल पहले प्रत्येक मंदिरों में भक्तों की भीड़ हुआ करती थी. आने वाली पीढ़ी फिर से मंदिर में जाए,अपने सनातन धर्म को पहचाने, इस उद्देश्य के साथ वीर शिवाजी संगठन के द्वारा सावन के प्रत्येक सोमवार पर मंगलेश्वर महादेव का संगठन के भाई बहनों द्वारा अभिषेक किया गया. छोटे बच्चों को विशेष रूप से शामिल करने का प्रयास किया .अपने बच्चों को मंदिर ले जाए उन्हें सनातन धर्म के बारे में बताए.

# गर्मी बढ़ते ही अस्पतालों में मरीजों का तांता

## जिला चिकित्सालय सहित शासकीय अस्पतालों, क्लीनिक, मेडिकल स्टोर्स पर मरीजों की भीड़

### सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में इंफेक्शन की शिकायत हो रही

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 12 अगस्त, का.** बारिश थमने के बाद एकाएक गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है. मौसम में परिवर्तन होने से बिमारियों ने लोगों को घेरना शुरु कर दिया है. सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में इंफेक्शन आदि शिकायते लोगों को हो रही है. स्थानीय सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय सहित शासकीय अस्पतालों, क्लीनिक, मेडिकल स्टोर्स पर मरीजों की भीड़ देखी जा सकती है. मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच शासकीय अस्पतालों में चिकित्सकों, स्टॉफ की कमी के चलते मरीजों व उनके परिजनों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है.

विदित है कि बारिश थमने पर उमस भरी गर्मी का जबर्दस्त प्रकोप जारी है. मौसम में हुए इस बदलाव ने लोगों के समक्ष बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है. गर्मी के प्रकोप से जूझ रहे लोगों को अब बिमारियों ने जकड़ना शुरु कर दिया है.



**दूषित पानी भी बन रहा कारण**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जहां मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है वहीं बारिश के चलते दूषित पानी भी पीने में आने से बिमारियां पनप रही है. प्राय: देखा जा रहा है कि दूषित पानी के कारण विभिन्न तरह की दिक्कते आ रही है.

**अस्पतालों में दोगुना ओपीडी**

सामान्य तौर पर सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन ओपीडी में मरीजों की संख्या 200-250 या फिर अधिकतम 300 तक होती है, किंतु वर्तमान में स्थानीय सिविल अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की संख्या 500 से 600 के बीच जा पहुंची है.

### 589 पर पहुंचे ओपीडी

स्थानीय सिविल अस्पताल में सोमवार को ओपीडी में मरीजों की संख्या 589 पर जा पहुंची. ओपीडी प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर आधे समय तक ओपीडी में दर्ज मरीजों की संख्या 440 हो गई. इसी प्रकार जिला चिकित्सालय में ओपीडी 500 से 600 के बीच रही है.

प्राय: सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में इंफेक्शन, उल्टी-दस्त की शिकायत सामने आ रही है. मरीजों की बढ़ती संख्या के पीछी मौसम में परिवर्तन, दूषित पानी के कारण एकाएक मरीजों की संख्या बढ़ी है. बिमारियों से बचने साफ-स्वच्छ पानी का उपयोग करें, खानपान का विशेष तौर पर ध्यान रखे.

**डा. महेन्द्रपाल सिंह**
**जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी, जिला चिकित्सालय राजगढ़**

### सिटी डिस्पेंसरी को डॉक्टर का इंतजार

जहां मरीजों की संख्या बढ़ी है तो दूसरी और स्थानीय पुराना अस्पताल परिसर में संचालित सिटी डिस्पेंसरी में बीते करीब ढाई वर्ष से चिकित्सक नहीं है, ऐसे में मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि यहां पदस्थ स्टॉफ कर्मचरियों द्वारा अपने अनुभव अनुसार सर्दी-जुकाम, बुखार आदि छोटी मोटी बिमारियों का उपचार कर दवाएं देते हुए स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है.

विदित है कि शासन द्वारा नगर में ही स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सिटी डिस्पेंसरी शुरु की गई किंतु यहां 20 जनवरी वर्ष 2023 से चिकित्सक नहीं है. सिटी डिस्पेंसरी की तरह स्थानीय सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय तथा जिले के अन्य शासकीय अस्पतालों में भी चिकित्सकों, स्टॉफ की भारी कमी बनी हुई है.



# खेल मैदान पर खड़ी खरपतवार खिलाड़ी मायूस

## देखरेख के अभाव में खेल मैदान की हो रही दुर्गति

### नगर का एकमात्र पब्लिक स्पोर्ट्स क्लब खेल मैदान बदहाल

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 11 अगस्त, का. खेल गतिविधियों के लिए नगर में एकमात्र सार्वजनिक खेल मैदान शहीद कॉलोनी स्थित पब्लिक स्पोर्टस क्लब ग्राउण्ड है किंतु देखरेख के अभाव में यह खेल मैदान भी दुर्दशा का शिकार हो रहा है. वर्तमान में खेल मैदान पर खरपतवार, गाजरघास उग रही है, जिसके कारण खिलाड़ियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. खेल गतिविधियों का संचालन भी सुचारु नहीं हो पा रहा है.**

शिक्षा के साथ ही शासन द्वारा लाखों, करोड़ो रुपये खर्च कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने खेल मैदान, खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है. नगर में एकमात्र पब्लिक स्पोर्टस क्लब ग्राउण्ड खेल मैदान है जिसकी दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है. वर्तमान में क्लब ग्राउण्ड गाजर घास, खरपतवार से पटा हुआ है. जिससे खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही है.

### लाखों लगे स्टेडियम में

नगर में खेल गतिविधियों के सुचारु संचालन तथा खेल को बढ़ावा देने क्लब ग्राउण्ड पर लाखों रुपये खर्च कर स्टेडियम का निर्माण कराया गया. किंतु अव्यवस्थाएं के कारण इसका लाभ खिलाड़ियों को नहीं मिल पा रहा है.

### मजबूरी बना अव्यवस्थित मैदान

नगर में शहीद कॉलोनी स्थित पब्लिक स्पोर्टस क्लब ग्राउण्ड एक मात्र सार्वजनिक खेल मैदान है जहां पर खेल गतिविधियों, गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सहित समय-समय पर अन्य आयोजन होते रहते है. किंतु खेल मैदान की उचित देखरेख नहीं होने से खेल गतिविधियों के संचालन व खिलाड़ियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. ग्राउण्ड पर काफी मात्रा में गाजर घास, खरपतवार उगी है. नगर में और कोई खेल मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ी एवं बच्चे इसी अव्यवस्थित खेल मैदान पर खेलने को मजबूर है. क्लब ग्राउण्ड पर सुबह एवं शाम के समय बड़ी संख्या में खिलाड़ी, बच्चे खेल गतिविधियों के लिए पहुंचते है, अव्यवस्थाओं से परेशानी होती है बावजूद खिलाड़ी इसी मैदान पर खेलने को मजबूर है. जानकारी के अनुसार नपा द्वारा क्लब ग्राउण्ड की देखरेख के लिए कर्मचारी रखा हुआ है फिर भी क्लब ग्राउण्ड की अनदेखी की जा रही है.



# रक्षा बंधन के बाद फिर बढ़ी यात्री वाहनों में भीड़

## राखी त्यौहार कर अपने-अपने गंतव्य पर लौट रहे लोग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 12 अगस्त, का. रक्षाबंधन के एक-दो दिन पूर्व बसों सहित यात्री वाहनों में यात्रियों की भारी भीड़ रही. रक्षाबंधन त्यौहार कर लोग अब अपने गंतव्य को वापस लौटने लगे है जिससे अब एक बार फिर यात्री वाहनों में काफी भीड़ होने लगी.**

मंगलवार को काफी व्यस्त यातायात रहा. गौरतलब है कि रक्षाबंधन के एक-दो दिन पूर्व हर रुट पर काफी व्यस्त यातायात रहा. बसों एवं यात्री वााहनों, ट्रेन में जगह तक नहीं मिली. त्यौहार के बाद अब फिर भीड़ गई है. मंगलवार को बसों, यात्री वाहनों में यात्रियों की काफी संख्या रही.

# स्वामी रामानन्द महाराज की स्मृति में हुए आयोजन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 12 अगस्त, का.** जिले के प्रसिद्ध कथा वाचक, भजन गायक स्वामी रामानन्द महाराज की 37 वीं पुण्य स्मृति पर राजगढ़ स्थित उनके समाधि स्थल पर पूजन अर्चन, भजन संध्या का आयोजन किया गया.

नगर के रामलीला कॉलोनी स्थित उनके समाधि स्थल पर प्रातः पूजन अर्चन कर चरण पादुका पूजन किया गया. रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ. पंडित चन्द्रकांत भार्गव, योगेश भार्गव सहित कलाकारों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी. आयोजन में उनके शिष्यगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.



# हर घर तिरंगा अभियान में राज्यमंत्री ने निवास पर फहराया ध्वज

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 12 अगस्त, का. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग नारायण सिंह पंवार ने मंगलवार को ब्यावरा स्थित अपने निवास पर राष्ट्रध्वज फहराया.**

राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि यह अभियान प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान के प्रति समर्पण का संदेश देता है. तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है. इसकी शान हमेशा ऊँची रखना हम सभी का कर्तव्य है. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घर, कार्यालय, मंदिर या अन्य पवित्र स्थलों पर तिरंगा फहराएँ और उसके साथ सेल्फी लेकर पर अपलोड करें. इस दौरान मण्डल अध्यक्ष राजू यादव, अमित शर्मा, सुमित सोलंकी, राधे दांगी, गिर्राज लववंशी, बनवारी कुशवाहा, गगन चौहान, भारत मोंगिया उपस्थित रहे.



### घायल की जानकारी ली

**छापीहेड़ा 12 अगस्त, सं.** गुरुवार की शाम एक होटल में हलवाई का काम करने वाले ब्यावरा ओर वर्तमान में छापीहेडा निवासी रमेश पिता गोकुलदास गुप्ता के होटल की भट्टी में काम करते समय खोलते तेल की कढ़ाई शरीर पर उलट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे. सोमवार को संभागीय संगठन मंत्री महेश चौधरी ने घायल गुप्ता ओर उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना.

# प्लांट मित्र बनकर आज करेंगे पौधो की अदला-बदली

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 12 अगस्त, का.** पर्यावरण संरक्षण और बागवानी के प्रति लोगों को प्रेरित करने हेतु आज नगर के पीपल चौराहा पर प्लांट मित्र के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें पौधो की अदला-बदली की जाएगी. पौधो के आदान-प्रदान हेतु प्लांट मित्र कार्यक्रम आज रखा गया है. प्रातः 11 बजे स्थानीय पीपल चौराहा पर कार्यक्रम प्रारंभ होगा. प्लांट मित्र बनकर महिलाएं और बच्चे पौधो का आदान- प्रदान करेंगे.

आयोजको के अनुसार बारिश का मौसम पौधे प्रेमियों के लिए खास होता है, क्योंकि इस समय वे अपने पसंदीदा पोधो को तेजी से बढ़ते हुए देखते है. प्रकृति प्रेमी और बागवानी के शौकीन लोग अपने आसपास का वातावरण हराभरा बनाए रखते है और साथ ही छत या बगीचे में नये-नये पौधे लगाते है. सखी क्लब द्वारा प्लांट मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. वैश्य महासम्मेलन ब्यावरा, महिला प्रकोष्ठ की महिलाएं और बच्चों को प्रकृति का महत्व सिखाने के लिए प्रोग्रेसिव किड्स स्कूल के बच्चे भी शामिल होंगे.

महिलाएं एवं बच्चे अपनी पसंद के पौधो का आदान-प्रदान करेंगे. अपने अतिरिक्त पौधो को लेकर आएं और नये पौधो के सथ उन्हें घर ले जाएं.

# पेंशनर्स एसो. ने लंबित मांगों का निराकरण करने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**तलेन 12 अगस्त, सं. प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा तलेन द्वारा पेंशनरों की लंबित न्यायोचित मांगों का शीघ्र निराकरण करने को लेकर माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार व माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम टप्पा कार्यालय तलेन में एक ज्ञापन सौंपा गया.**

ज्ञापन के माध्यम से कहां गया कि मध्य प्रदेश के 5 लाख राज्य पेंशनरों की लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से पेंशनर व उनके परिवार में असंतोष है यहां तक की केंद्र के समान न तो महंगाई राहत दी जा रही और न ही स्वास्थ्य संबंधी लाभ दिये जा रहे. इससे पेंशनरों का मनोबल और निराशा हाथ लगी है. पेंशनर्स ने 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने, राज्य पुर्नगठन अधिनियम की धारा 49 अविलंब समाप्त करने, आठवे वेतन आयोग के गठन से पूर्व संशोधन विधेयक निरस्त करने, न्यायालय के निर्णयों में सभी के लिए लागू करने, पेंशन नियम 1976 में संशोधन कर पेंशन का अधिकार विधवा बहू और अविवाहित पुत्री को देने, राज्य पेंशनर्स को 5 लाख रूपये की केशलेस इलाज की सुविधा, पेंशनर्स को भी उपादान राशि एक्सगेसिया रूपये 50 हजार मरणोपरांत देने, 65 वर्ष की उम्र में 5 प्रतिशत 75 वर्ष की उम्र में 15 प्रतिशत, एवं 80 की उम्र में 20 प्रतिशत की वृद्धि की जाये. उपरोक्त न्यायोचित मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाये. इस मौके पर प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चैतन्य स्वरूप माथुर व सदस्यगण मौजूद रहे.

**तिरंगा रैली** ▶ जिला मुख्यालय पर निकाली प्रभावी तिरंगा वाहन रैली

# जिला मुख्यालय पर देशभक्ति गीतों पर झूम उठे अधिकारी-कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 12 अगस्त, का. केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले भर में तिरंगा यात्राएं सहित अन्य देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, इसी क्रम में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर एक प्रभावी तिरंगा वाहन रैली निकाली गई. देशभक्ति गीतों पर अधिकारी, कर्मचारी जमकर झूमे.**

पुलिस लाइन स्थित पुलिस कंट्रोल रुम से तिरंगा वाहन रैली प्रारंभ हुई. जिला कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी तिरंगा रैली में शामिल हुए. मंगल भवन, नाका नं 3, मेन मार्केट, घूमघाटी, पुराना बस स्टेण्ड, हॉस्पिटल रोड, खिलचीपुर नाका, भारत माता चौराहा से बायपास होते हुए तिरंगा वाहन रैली वापस कंट्रोल रुम पहुंची. रैली में शामिल वाहन चालको द्वारा हेलमेट लगाकर सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य रुप से हेलमेट लगाने का संदेश दिया गया.



### देशभक्ति गीतों पर झूमे

रैली के समापन पर देशभक्ति गीतों पर अधिकारी, कर्मचारी जमकर झूमे. हर कोई देशभक्ति के रंग में रंग गया. कलेक्टर एवं एसपी भी देशभक्ति गीतो पर थिरके. समूचा वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया. वाहन रैली में कलेक्ट्रेट, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए. बड़ी संख्या में महिला अधिकारी, कर्मचारी भी शामिल हुई.

### पीएम श्री शासकीय स्कूल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**तलेन** मंगलवार को नगर तलेन में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई. तिरंगा यात्रा बैंड बाजे के साथ स्कूल परिसर से प्रारंभ हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा थामे भारत मां के जयघोष लगाते हुए नगरवासियों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की. तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख को मार्गो से होती हुई पुनः विद्यालय परिसर पहुंची जहां पर इस यात्रा का समापन हुआ.

इस तिरंगा यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, नगर परिषद कर्मचारी, व जनप्रतिनिधिगण शामिल रहे. शासकीय कन्या हाई स्कूल की छात्राओं, शासकीय कन्या हाई स्कूल की छात्रों ने भी घोष के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए तिरंगे यात्रा निकाली एवं इसके पश्चात पुलिस विभाग ने भी मोटरसाइकिल से तिरंगा यात्रा निकाली.

# पंचमुखी महादेव मंदिर में 56 भोग



नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 12 अगस्त, सं. सोमवार रात गाड़गंगा नदी के तट पर स्थित प्राचीन पंचमुखी महादेव मंदिर में 56 भोग का भव्य आयोजन हुआ.**

रंग-बिरंगी रोशनी में, फूलों से सजे परिसर में शिवभक्तों ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए. भोग में 30 किलो भांग, 2 क्विंटल फलाहारी खिचड़ी, गुलाब जामुन और 56 अलग-अलग तरह की मिठाइयां शामिल थीं. आयोजन समिति के सदस्य रोहित सोनी और पीतांबर सिंह ने बताया कि सावन के बाद पांचवें सोमवार को ये आयोजन किया गया, जिसमें बाबा का विशेष श्रृंगार कर मंदिर को फूलों और रोशनी से सजाया गया. शाम 7 बजे पंडित मोहनलाल बैरागी के मंत्रोच्चार के बीच महाआरती हुई और इसके बाद 56 भोग के दर्शन शुरू हुए, जो देर रात 11 बजे तक चलते रहे. महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने प्रसादी का आनंद लिया इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा.

**प्रथम पुण्य स्मरण**



स्व. श्री हरिसिंह जी गुर्जर
देहावसान 12 अगस्त 2024

आज भी निहार रहे हैं
आपको कुल के ये नयन

-: श्रद्धावनत :-

भेरूसिंह, सियाराम, गोपाल, मोहन, संतोष, मलखान, सोहन,दीपक, आशीष समस्त गुर्जर परिवार
ठिकाना डिंगलपुर जिला राजगढ़